• बोले मंत्री...

## बीजेपी ने दबाई एमएसपी की मांग

**शिमला :** कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार ने कहा है कि पिछले दस वर्षों से केंद्र में भाजपा के नेतृत्व में जुमलों की सरकार चल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने किसानों से उनकी आय को दोगुना करने का वादा किया था, लेकिन यह बात जुमला सिद्ध हो चुकी है। भाजपा ने किसानों की आय को दोगुना करना तो दूर, बल्कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानून बनाने की मांग कर रहे किसानों की आवाज को बलपूर्वक कुचलने का प्रयास किया और आंदोलन कर रहे 50 से अधिक किसानों की हत्या की गई।

चौधरी चंद्र कुमार ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में संवेदनशीलता के साथ आगे बढ़ रही है। राज्य सरकार ने गाय के दूध में 13 रुपए की ऐतिहासिक वृद्धि करते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य 45 रुपए कर दिया है, जबकि भैंस के दूध का खरीद मूल्य बढ़ाकर 55 रुपए प्रति लीटर किया गया है। उन्होंने कहा कि दूध की खरीद पर किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य देने वाला हिमाचल प्रदेश पहला राज्य बना है। इसके साथ ही मनरेगा मज़दूरी में 60 रुपए की ऐतिहासिक बढ़ौतरी की तथा प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 40 रुपए तथा मक्की का रेट 30 रुपए तय किया गया है। उन्होंने कहा कि पशु पालकों की आय को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार जिला कांगड़ा के ढगवार में 1 लाख 50 हजार लीटर प्रतिदिन की क्षमता का दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित कर रही है, जिसकी क्षमता 3 लाख लीटर प्रतिदिन तक बढ़ाई जा सकती है। यह संयंत्र पूरी तरह से स्वचालित होगा जिस पर 226 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि बेसहारा पशुओं की समस्या को देखते हुए वर्तमान राज्य सरकार ने निजी गौ-सदनों में आश्रित गौवंश के लिए दिए जाने वाले अनुदान 700 रुपए को बढ़ाकर 1200 किया गया है। चौधरी चंद्र कुमार ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के निरंतर प्रयास कर रही है, क्योंकि गांव को आत्मनिर्भर बनाकर ही प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह वर्तमान राज्य सरकार की इच्छाशक्ति का प्रतीक है कि कृषि को स्वरोजगार के रूप में प्रोत्साहित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त कृषि को आधुनिक तकनीक से जोड़कर किसानों की आय को बढ़ाना का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

• आरोप...

## कांग्रेस का राजनीतिक एजेंडा जनता की संपत्ति हड़पना



**शिमला :** बीजेपी विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस गठबंधन द्वारा जारी घोषणापत्र जहां अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की राजनीति पर आधारित है, वहीं इस घोषणापत्र में कॉम्युनिस्ट और माओवाद की झलक भी दिख रही है। कांग्रेस के घोषणापत्र में जातिगत सर्वेक्षण, जातिगत गणना और सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण की भी बात की गई और घोषणा पत्र में उन्होंने कहा है कि इस सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के आधार पर हम इस देश के लोगों की संपत्ति का सर्वेक्षण करेंगे और उसका पुनर्वितरण करेंगे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस घोषणापत्र में अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की बात कही गई है। अल्पसंख्यकों को तरजीह देने की बात कही गई है। सरकारी नौकरियों में 15 प्रतिशत आरक्षण, बच्चों को विदेश में पढ़ाने के लिए विशेष छात्रवृत्ति स्कॉलरशिप की बात हो यह अल्पसंख्यकों के लिए विशेष रूप से योजनाएं शुरू करने का घोषणा पत्र ने संकल्प लिया है। मुस्लिम लीग की विचारधारा है कि इस देश में बहुसंख्यकवाद नहीं चलेगा, लेकिन हमारे देश की विचारधारा सर्वधर्म समभाव की है।

रणधीर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सलाहकार सैम पित्रोदा ने कहा है कि अमेरिका की तरह हिंदुस्तान में भी विरासत टैक्स लगाया जा सकता है। जिसके अनुसार किसी व्यक्ति की संपत्ति वो अगली पीढ़ी को विरासत में जाएगी तो उसका 55 प्रतिशत हिसाब सरकार के पास चला जाएगा।

कांग्रेस और इंडी एलायंस वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई, धन-दौलत, सम्पत्ति, घर, जमीन-जायदाद जब्त करने की फिराक में है। जनता की पैतृक संपत्ति और बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए मेहनत से बनाए गए सभी संसाधनों को भी हड़पने का सपना देख रही कांग्रेस अपने मकसद को पूरा के लिए इसे पुनर्वितरण का नाम दे रही है। उन्होंने कहा कांग्रेस और इंडी गठबंधन के घोषणा पत्र से यह तस्वीर बिल्कुल स्पष्ट झलक रही है की आम जनता की संपत्ति घर, सोना, एफडी कुछ भी सुरक्षित नहीं रहेगा यही कांग्रेस का हिडन एजेंडा है।

उन्होंने कहा कि देश की जनता को अपने बुद्धि और विवेक से निर्णय करने की आवश्यकता है क्योंकि सामने दो विकल्प हैं।



अनुराग ठाकुर जसवां प्रागपुर मंडल के पन्ना प्रमुख सम्मेलन में शामिल हुए। इसके पश्चात वे ऊना के अम्ब पहुंचे जहां उन्होंने चिंतपूर्णी मंडल के पन्ना प्रमुखों की बैठक ली। देर शाम अनुराग ठाकुर गगरेट विधानसभा के मुबारिकपुर पहुंचे जहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया।

**ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आने के साथ हीं वसूली चालू कर देती है। यह वसूली टैक्स व्यापारियों से लेकर प्रत्येक आम आदमी को देना पड़ता है...**

# आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस लोकतंत्र पर खोखला ज्ञान ना बांटे

• **रविंद्र/कांगड़ा**

केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी वायनाड से चुनाव हार रहे हैं इसलिए अब अमेठी का रुख कर रहे हैं। कांग्रेस का हाल यह है कि हार के डर से उसके सभी बड़े नेता दो-दो सीटों से चुनाव लड़ रहे हैं। फिर भी कांग्रेस अभी तक 300 सीटों पर भी अपने उम्मीदवार नहीं खड़े कर पाई है, चुनाव जीतना इनके लिए मुंगेरी लाल के हसीन सपने से ज्यादा कुछ नहीं है। भारत को आपातकाल की आग में झोंकने वाली कांग्रेस आज लोकतंत्र पर ज्ञान बांटती फिर रही है।

अनुराग ठाकुर जसवां प्रागपुर मंडल के पन्ना प्रमुख सम्मेलन में शामिल हुए। इसके पश्चात वे ऊना के अम्ब पहुंचे जहां उन्होंने चिंतपूर्णी मंडल के पन्ना प्रमुखों की बैठक ली। देर शाम अनुराग ठाकुर गगरेट विधानसभा के मुबारिकपुर पहुंचे जहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया।

ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आने के साथ हीं वसूली चालू कर देती है। यह वसूली टैक्स व्यापारियों से लेकर प्रत्येक आम आदमी को देना पड़ता है। लेकिन इस बार मौत के बाद भी कांग्रेस अपनी वसूली जारी रखना चाहती है। यह उसके मेनिफेस्टो से स्पष्ट है। कांग्रेस का कहना है कि आपकी मृत्यु के बाद आपकी संपत्ति आपके संतानों की नहीं बल्कि उनके वोट बैंक की हो जाएगी। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस के राज में ना संपत्ति सुरक्षित है, ना संतान सुरक्षित है, ना हमारी सीमाएं सुरक्षित हैं और ना हीं हमारा सनातन सुरक्षित है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के राज में हमारी बहन और बेटियां भी सुरक्षित नहीं है। उनको दरिंदे लव जिहाद का शिकार बनाते हैं और कांग्रेस अपिजमेंट पॉलिटिक्स के चलते कुछ नहीं करती। हिमाचल प्रदेश के कांग्रेसी कहते हैं कि 97 फीसदी हिंदुओं वाले राज्य में हमने हिंदुओं को हराकर सरकार बनाई। कर्नाटक में कांग्रेस के काउंसलर की बेटी नेहा को एक दरिंदे ने सात से ज्यादा बार चाकू से गोद कर दिनदहाड़े हत्या कर दी। लेकिन कर्नाटक की कांग्रेस सरकार तुष्टिकरण की राजनीति के चलते अपने ही काउंसलर को न्याय नहीं दे रही है। अंत में थक हारकर नेहा के पिता ने केंद्र सरकार से सीबीआई जांच की मांग की है। चुनाव आयोग ने हमेशा देश भर में समय अनुसार चुनाव कराए हैं और अलग-अलग सरकारें बनी हैं। आज जब हमारे कार्यकर्ता लोगों को मोदी सरकार की उपलब्धि बता रहे हैं तब लगभग यह स्पष्ट हो चुका है कि जैसे मोदी जी ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाया है ठीक उसी प्रकार प्रत्येक बूथ पर बीजेपी को 370 वोटो की लीड मिलेगी। इन चुनावों में हम अकेले दम पर 370 से ज्यादा सीटें जीतेंगे और एनडीए 400 पार जाएगा।


## बुजुर्ग की जिंदा जलकर मौत



**सोलन :** जिले के नालागढ़ की बघेरी पंचायत के अभीपुर गांव में गेहूं के खेतों में लगी आग को बुझाते हुए एक बुजुर्ग की जिंदा जलने से मौत हो गई। मृतक की पहचान जीत सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नालागढ़ अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार अभीपुर गांव के रामस्वरूप के खेत के ऊपर से हाई वोल्टेज बिजली की लाइन गुजरती है। अचानक हवा चलने के बाद बिजली की तारें आपस में टकराई और इससे निकली चिंगारी से नीचे मौजूद गेहूं के खेत में आग लग गई। इसके बाद ग्रामीणों के साथ गांव के बुजुर्ग जीत सिंह भी आग बुझाने में जुट गए। अचानक जीत सिंह खेत में बाउंड्री पर लगी तारों में उलझ कर गिर गया। इस बीच हवा के साथ तेजी से आग बुजुर्ग की ओर आ गई और वह पूरी तरह झुलस गया। जब तक लोगों ने बुजुर्ग को तारों से निकाला, तब तक उसकी मौत हो गई थी।

• पूर्वानुमान...

## बिगड़ेगा मौसम का मिजाज



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में 26 अप्रैल देर शाम एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है, जिसका असर 30 अप्रैल तक प्रदेश भर में देखने को मिलेगा। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार इस दौरान कई इलाकों में भारी बारिश, ओलावृष्टि के साथ-साथ कुछ ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने की भी संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक सुरेंद्र पॉल ने बताया कि प्रदेश के कई इलाकों में 27 और 28 अप्रैल को भारी बारिश दर्ज की जा सकती है। वहीं इस दौरान ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी भी देखने को मिल सकती है। खास तौर पर बागवानों के लिए यह मौसम चिंता का सबब बन सकता है। इस दौरान सेब बहुल इलाकों में ओलावृष्टि को लेकर भी अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञान केंद्र के निदेशक सुरेंद्र पॉल ने बताया की हिमाचल प्रदेश में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रीय होगा। जिसके चलते आने वाले 4 दिनों तक प्रदेश में बारिश बर्फबारी और ओलावृष्टि होने के आसार हैं।

• आर्ट फेस्टिवल...

*शिमला : हिमाचल प्रदेश राज्य संग्रहालय द्वारा शिमला की ऐतिहासिक इमारत बेंटनी कैसल में आर्ट फेस्टिवल का आगाज हो गया है। आर्ट फेस्टिवल में देश-विदेश के चित्रकारों के साथ स्थानीय कला प्रेमी और स्कूली बच्चे भाग ले रहे हैं। आर्ट फेस्टिवल का शुभारंभ सचिव भाषा एवं संस्कृति विभाग राकेश कंवर ने किया। राकेश कंवर ने बताया कि आर्ट फेस्टिवल राज्य संग्रहालय की तरफ से हर वर्ष करवाया जाता हैं। इसमें पूरे देश विदेश से लोग यहां आते हैं।*